## सार-समाचार

### गौधन की रक्षा का लिया संकल्प

**राजसमंद, (निसं)।** श्री नागेश्वर महादेव सेवा समिति की ओर से आयोजित पंच दिवसीय श्री नागेश्वर महादेव मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। इस पावन धार्मिक आयोजन में उन्होंने नव निर्मित भव्य शिव मंदिर का अवलोकन किया और शिव परिवार की परम पवित्र मूर्तियों का जलाभिषेक कर आशीर्वाद लिया। विधायक ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सांस्कृतिक और धार्मिक मूल्यों का संरक्षण होता है और समाज को एकजुट होकर आध्यात्मिक प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि शिव मंदिर का निर्माण न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि समाज को सकारात्मक ऊर्जा और नैतिकता की प्रेरणा भी देता है। विधायक ने अपने संबोधन में धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों को समाज की एकता और समृद्धि के लिए आवश्यक बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से हमारी परंपराओं और संस्कारों का संवर्धन होता है। यह आयोजन समाज की सामूहिक शक्ति और श्रद्धा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने श्री राधे गोविंद गोधाम सादडा (वणई) का दौरा किया और गौ माता की सेवा करते हुए गौधन की रक्षा और संवर्धन का संकल्प लिया।

### धरना प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी

**कपासन, (निसं)।** पटवार संघ का आंदोलन बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। पटवारी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर उपखंड मुख्यालय कपासन पर चितोडगढ जिलाध्यक्ष श्याम सुंदर वैष्णव के मोजूदगी में नारेबाजी के साथ धरना प्रदर्शन किया गया।जिससे सभी राजस्व कार्य प्रभावित हो रहा है। पटवार संघ अध्यक्ष विकास गौड़ ने बताया कि सरकार द्वारा उनकी मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। बार-बार चेतावनी देने के बावजूद इन मांगों की अनदेखी की जा रही है। इसी कारण सोमवार से प्रदेश पटवार संघ के नेतृत्व में यह आंदोलन शुरू किया गया है। आंदोलन के कारण नामांतरण, जाति प्रमाण पत्र, फसलों की गिरदावरी और सीमा जानकारी जैसे महत्वपूर्ण राजस्व कार्य पूरी तरह से ठप पड़े हैं। पटवारियों की प्रमुख मांगों में गिरदावरी ऐप में आवश्यक संशोधन, पटवार संघ सर्वेयर नियुक्ति का विरोध, पटवार मंडल और भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त की वित्तीय स्वीकृति, लंबित डीपीसी, तहसीलदार में पदोन्नित कोटा बढ़ाने और तहसीलदार पद पर मंत्रालयिक संवर्ग के कोटे का पुनर्निर्धारण शामिल हैं।धरना स्थल पर ब्लॉक अध्यक्ष विकास गौड़ के साथ पटवारी भागीरथ मेघवाल नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाएं : सांसद रावत

**उदयपुर, (कासं)।** सांसद मन्नालाल रावत ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सलूंबर जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाए और समय पर सभी कार्यों को पूरा करें, ताकि आम जन के कल्याण के कार्यों के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जो सपना है वो पूरा हो सके। सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने बुधवार को सलूंबर जिले की दिशा समिति की पहली बैठक में यह निर्देश दिए। सांसद डॉक्टर रावत ने बैठक की अध्यक्षता की।

■ **सांसद रावत ने सलूंबर जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए**

सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने उपस्थित अधिकारियों को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संयुक्त प्रयासों से सलूंबर का सर्वांगीण विकास हो रहा है। केंद्र सरकार के निर्देशानुसार आम जन के कल्याण के कार्यों को तत्परता से धरातल पर उतरना चाहिए, ताकि जनता को समय पर विकास कार्यों का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट जल जीवन मिशन के कार्य सलूंबर जिले में अभी 58 तक प्रतिशत जनसंख्या तक भी नहीं पहुंचे है। इनको तेजी से पूरा करने की आवश्यकता है। ग्रामों में जल जीवन मिशन के प्रगतिरत कारणों से टूटी सडको का भी तेजी से दुरस्तीकरण किया जाए।

सांसद ने कहा कि क्षेत्र में रोजगार के लिए लगभग 47 हजार लोगों का पलायन एक दुखद पहलू है। इसके समाधान के लिए उद्यानिकी, कृषि, जल संरक्षण व आरसेटी जैसी संस्थाओं से महिलाओं के लिए विशेष कौशल विकास जैसे दीर्घकालिक कार्य करवाकर पलायन को रोकने के प्रयास किए जाए। इसके लिए अधिकारी बेहतर योजना बनाएं।

सांसद रावत ने प्रधानमंत्री सडक योजना से वंचित ग्रामों को जोडने के लिए कार्य करने के भी निर्देश दिए और इसके लिए पाल नठारा के कलात, बुज फला जैसे कई गांवों का उदाहरण दिया तो सडक से वंचित है।सांसद रावत ने पोश कानून के प्रावधान हर कार्यालय में लागू करने व कृषि प्रोत्साहन हेतु जल संरक्षण के लिए 150 तालाबों से गाद निकालने आदि के निर्देश दिए। नरेगा के तहत अधिकाधिक कृषि व सम्बद्ध कार्यों द्वारा सफलता देने तथा राजीविका से जुडी महिलाओं को योजनाबद्ध प्रशिक्षण एवं स्थानीय रोजगार से अनुप्रयोग किए जाने हेतु निर्देश दिए। जाखम का अतिरिक्त पानी जयसमंद से जोडने की प्रस्तावित योजना की चर्चा करते हुए उन्होंने जयसमंद से उदयपुर के लिए पुरानी हो चुकी पाइपलाइन की जगह नवीन पाइपलाइन के लंबित कार्य को आमजन से चर्चा कर पुरा करने के निर्देश दिये। बैठक में जिला कलेक्टर ने जिले मे केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनानुसार प्रगति रिपोर्ट रखी। बैठक में सेमारी प्रधान दुर्गा प्रसाद मीणा, लसाडिया प्रधान लीला देवी सहित झल्लारा, सलुम्बर व सराडा प्रधान एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।




दिशा समिति की बैठक में सांसद रावत ने स्थानीय रोजगार विकसित करने अधिकारियों को निर्देश दिए।

# पीएमश्री के विद्यार्थियों ने किया शैक्षिक भ्रमण

**बांसवाड़ा, (निसं)।** पीएमश्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय खान्दूकॉलोनी के कक्षा 6 से 12 के विद्यार्थियों ने विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर शैक्षणिक गतिविधियों के तहत अलग-अलग स्थलों का भ्रमण कर जानकारी ली।

वहीं पर्यावरण, वैज्ञानिक सोच को विकसित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत वैज्ञानिक महत्व के स्थलों, प्रकृति से रूबरू होने तथा मानव जीवन में इसके उपयोग एवं संरक्षण सहित व्यावसायिक शिक्षा के तहत व्यावसायिक गतिविधियों की जानकारी ली तथा पीएम श्री विद्यालयों के सुदृढीकरण के लिये अन्य विद्यालयों के साथ साझेदारी के उद्देश्य को लेकर शैक्षिक भ्रमण किया। प्रातरू विद्यार्थियों को प्रभारी शिक्षकों के दल के साथ ही प्राचार्य माया सेमसन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विद्यालय के कक्षा 6 से 12 के विद्यार्थी अलग अलग ग्रुप में प्रभारी शिक्षकों के साथ शैक्षणिक भ्रमण पर निकले एवं निर्धारित स्थलों का भ्रमण कर महत्वपूर्ण स्थानों को देखा वहीं शिक्षा की दृष्टि के साथ मानव एवं जीवन उपयोगी गतिविधियों की जानकारी ली। विद्यार्थियो का एक दल उदयपुर के शैक्षिक भ्रमण पर गया जहां इतिहास की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल महाराणा प्रताप गौरव केन्द्र का अवलोकन किया। विद्यालय की व्याख्याता मीना व्यास ने छात्र-छात्राओं को स्थल के ऐतिहासिक महत्व, महाराणा प्रताप के गौरव आदि से संबंधित जानकारी दी।

इसी तरह विद्यार्थियों को उदयपुर के निकट स्थित सज्जनगढ पार्क का भी भ्रमण कराया गया जहां भौतिक विज्ञान के व्याख्याता अभीजित पारिक ने जैव विविधता से संबंधित जानकारी दी। इस अवसर पर प्रभारी प्रभुलाल यादव, ग्रीन फील्ड गतिविधि एवं विद्यालय की स्काउट गाइड प्रभारी व्याख्याता दक्षा उपाध्याय एवं वरिष्ठ अध्यापिका प्रमिला देराश्री ने भी इन स्थलों के संबंध में विद्यार्थियों को जानकारी दी।


**कार्यालय नगर पालिका कपासन जिला-चित्तौड़गढ़ ( राज. )**

क्रमांक:-न.पा.क./भूमि/2024-25/4917 दिनांक : 15/01/2025

**-: लोक सूचना:-**

इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि के निम्न खातेदारों/ स्वामियों द्वारा गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात :-

| क्र. सं. | नाम आवेदन व खातेदार | जिले व तहसील का नाम | राजस्व ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्रफल व प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री रूपलाल चण्डालिया पिता श्री सोहनलाल चण्डालिया, श्री सुनिलकुमार चण्डालिया पिता श्री सोहनलाल चण्डालिया निवासी कपासन, तहसील कपासन जिला चित्तौड़गढ़ (राज.) | तहसील कपासन जिला चित्तौड़गढ़ | कपासन | 2154 | 12912 वर्गफीट यानी 1200 वर्गमीटर वाणिज्यिक (व्यवसायिक प्रयोजनार्थ) |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस लोक सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जाएगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 15-01-2025 को जारी की गई।

प्राधिकृत अधिकारी
( अधिशाषी अधिकारी )
नगर पालिका,कपासन


### ट्रक डिवाइडर के गमले तोडकर दूसरी लेन में घूसा

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर शहर के तहसील चौराह से उदयपुर मार्ग पर बुधवार दोपहर को एक ट्रक डिवाइडर को क्रॉस कर गमलों को तोडकर सडक की दूसरी लेन में चला गया। जहां बैंक के बाहर खडी मोटरसाइकिल को क्षतिग्रस्त कर दिया। हालांकि कोई बडी जनहानि नहीं हुई,लेकिन करीब आधे घंटे तक अफरा- तफरी जरूर मच गई।

शहर के तहसील चौराह से उदयपुर मार्ग पर बुधवार दोपहर को एक ट्रक डिवाइडर को क्रॉस करते हुए दूसरी लेन में चली गई। दूसरी लेन पर ज्यादा ट्रेफिक नही होने से कोई बडा हादसा नही हुआ। दूसरी लेन में बैंक के बाहर खडी मोटरसाइकिल को क्षतिग्रस्त कर दिया। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंची। ट्रक को कब्जे में लेकर कोतवाली थाना क्षेत्र में खडा कराया। वही वाहनों के दोनो तरफ जाम को खुलवाया। सबसे चौकाने वाली बात यह है कि शहर में सुबह 8 से रात 8 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णत:बंद कर रखा है। इसके बावजूद शहर के सबसे व्यस्तम कलेक्ट्री मार्ग पर ट्रक बेहिचक प्रवेश कर गया। ट्रक के असंतुलित होने के कारण डिवाइडर पर रखे गमले से टकराकर दूसरी लेन में चला गया। उस समय ज्यादा लोग सडक पर नही था अन्यथा बडा हादसा हो सकता था।

# पुरानी सड़क को बिना तोड़े बना दी नई सड़क

**कानोड़, (निसं)।** टूटी सड़कों का इन दिनों सार्वजनिक लोक निर्माण विभाग नवीनीकरण करने में जुटा है, नगर की गली मोहल्लों में करोड़ों रुपए खर्च कर नई सीसी सड़कें बनाई जा रही है, लेकिन पुरानी बनी सड़कों को नहीं तोड़ने यानी सड़क पर स्क्रैच नहीं करने की वजह से नई सड़क से लोगों के घरो में बरसाती पानी घुसने की स्थिति बन गई है।

वहीं पुरानी सड़कों पर स्क्रैच नहीं करने से सड़क पर दरारें आने की आशंका बढ़ गई है पिंजारा मोहल्ला सहित कॉलोनियों में पुरानी सड़क को बिना तोड़े उसी पर नई सड़क बना दी जा रही है, जिससे लोगों को परेशानी हो

■ **पुरानी सड़कों पर स्क्रैच नहीं करने से सड़क पर दरारें आने की आशंका बढ़ी**

रही है ,लोग विरोध भी कर रहे हैं लेकिन उन्हें केवल सुधार का आश्वासन देकर शांत किया जा रहा है । मंगलवार को पिंजारा मोहल्ले में बनाई गई सीसी सड़क के हालात यह थे कि दुकानों वह मकानों में बरसाती पानी घुसने की स्थिति बन गई है, हालत यह बने की जहां पर भी नई सड़क बनाई गई है वहां एक बड़ी ठोकर बन गई है ,जिससे वाहन चालक स्पीड में दुर्घटनाठास्त होने के साथ ही व्यापारियों को भी हानि पहुंचा सकता है, स्थानीय निवासियों ने विभाग के अधिकारियों को भी अवगत कराया लेकिन कोई सुधार नहीं हो पाया है । नियमानुसार पुरानी सड़क पर स्क्रेच किए जाने व उसे तोड़कर ही नई सड़क बनाया जाना चाहिए था, लेकिन ठेकेदार ने पैसे बचाने के चक्कर में ऐसा नहीं किया तो वहीं ठेकेदार को बचाने के लिए विभाग के अधिकारी भी इससे पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं तो वहीं ठेकेदार इस कार्य को गति दिए हुए हैं ।

सार्वजनिक लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की अनदेखी में ठेकेदार अपनी मनमर्जी किए हुए हैं, सड़क को सड़क के साथ मिलाकर एक जैसी सड़क बनाने के बजाय ठेकेदार ने जहां तक सड़क बनी वहां पर बड़ी ठोकर का निर्माण कर दिया है, यहां वाहन चालक इस डिवाइडर की तरह बनी ठोकर की अनदेखी में स्पीड से निकलता है तो वह दुर्घटनाग्रस्त होने के साथ ही पास व्यापारियों को भी नुकसान कर सकता है, स्थानीय लोगों की मांग है कि जहां पर भी विभाग ने सड़क के कार्य को छोड़ा है वहां ठोकर को समतल किया जाए जिससे दुर्घटना होने से बचा जा सके।

राजेश कुमावत, अतिरिक्त सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी विभाग भींडर ने बताया कि सड़क को तोड़कर सड़क बनाने का नहीं है, सीसी सड़क पर ही सीसी सड़क बनाई जा रही है, फिर भी कहीं गलत निर्माण हो रहा है तो मैं पता करवाता हूं।



मजदूर पुरानी सड़क को बिना तोड़े नई सड़क बनाते।

# सुरक्षित बेटी अभियान के तहत एसडीएम ने ली बैठक

**बांसवाड़ा, (निसं)।** बेटी बचाओं- बेटी पढाओं योजनाान्तर्गत सुरक्षित बेटी अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं के लिए नगर परिषद क्षेत्र को सुरक्षित रुप से विकसित करने को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में उपखण्ड अधिकारी रजनी माधीवाल की अध्यक्षता में हुई। उपखण्ड अधिकारी ने राज्य सरकार की योजनाओं व आगामी कार्ययोजना के बारे में चर्चा कर निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम से जुडे सभी विभागीय अधिकारी समन्वयन व टीम के साथ काम कर अभियान को सफल बनाएं।

उन्होंने आयोजन को लेकर टीम का गठन कर जिम्मेदारी सौंपने और नगर क्षेत्र में वार्डवार कार्यक्रम को तय करने के भी निर्देश दिये। बैठक में नगर क्षेत्र को महिलाओं व बालिकाओं के लिए सुरक्षित क्षेत्र के रुप में विकसित करने के लिए वार्ड के प्रभावी लोगों की टीम गठित करने, सघन

■ **'अधिकारी समन्वयन व टीम के साथ काम कर अभियान को सफल बनाएं'**

अभियान चलाने पर जोर दिया गया। बैठक में अभियान के मुद्दों, सुरक्षा ओडिट, पर्यवेक्षण एवं निगरानी दल के लिए विभागों की जिम्मेदारी, विभागवार प्राप्त सुझावों आदि पर चर्चा कर निर्देश दिये गये।

प्रारंभ में महिला अधिकारिकता विभाग के सहायक निदेशक हेमेन्द्र बारहठ ने बेटी बचाओ-बेटी पढाओ योजनान्तर्गत सुरक्षित बेटी अभियान व राजस्थान मरु उडान के तहत किये जाने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी। बैठक में बेटी बचाओ-बेटी पढाओं की एम्बेसेडर मिलन शर्मा ने महिला आत्मरक्षा को लेकर अपने सुझाव रखे। बैठक में उप पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह, महिला थाने की थानाधिकारी खुशबू, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के डॉ धीरज, टीएडी के उपायुक्त अरुणा डिन्डोर, सीबीईओ रेखा रोत, महिला एवं बाल विकास विभाग की महिला परियोजना अधिकारी व बेटी बचाओ-बेटी पढाओ की एम्बेसेडर नमिता कुलश्रेष्ठ, नगर परिषद सहित महिला अधिकारिकता विभाग से जुडे अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत पलासमा**
**पंचायत समिति सायरा, जिला उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक 32 दिनांक :- 10.1.25

**निविदा सूचना**

इस ग्राम पंचायत में विभिन्न योजनान्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्यो (UBN No. ZUD2425WSOB02174 व ZUD2425WSOB02175) के लिए दिनांक 17.01.2025 को सायं 4.00 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

सरपंच ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत पलासमा ग्राम पंचायत पलासमा


### अतिरिक्त निदेशक डॉ शर्मा के पदोन्नत होने पर किया अभिनंदन

**उदयपुर, (कासं)।** साहित्य एवं कला के क्षेत्र में कार्यरत शायराना संस्था उदयपुर की ओर से बुधवार को शायराना परिवार के सदस्य डॉ.कमलेश शर्मा के सूचना जनसंपर्क विभाग में अतिरिक्त निदेशक के पद पदोन्नति होने के उपलक्ष्य में अभिनंदन समारोह का आयोजन सूचना केन्द्र सभागार में हुआ।

इस समारोह के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) वारसिंह थे जबकि अध्यक्षता साहित्यकार मनोज गीतांकर ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद् यादवेन्द्र द्विवेदी, कर्नल गुमानसिंह राव, भावना शर्मा आदि मंचासीन रहे। एडीएम सिटी ने पदोन्नत डॉ. शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि हर कार्मिक के जीवन में उसका प्रमोशन उसे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने डॉ. शर्मा की कर्तव्यनिष्ठा एवे जनसंपर्क के क्षेत्र में उनकी कार्यशैली की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और सतत सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ने को प्रेरित किया। शिक्षाविद् यादवेन्द्र द्विवेदी ने संस्कृत भाषा में डॉ. शर्मा के जीवन परिचय, उनके व्यक्तित्व व कृतित्व के विषय में ओजस्वी उद्बोधन दिया। कार्यक्रम के सूत्रधार कर्नल गुमानसिंह राव ने डॉ. शर्मा के पत्रकारिता, साहित्य व कला के क्षेत्र में दिये जा रहे योगदान की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे साहित्यकार मनोज गीतांकर ने शायराना परिवार में डॉ. कमलेश शर्मा के योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके जनसम्पर्क सेवा के सफर और खासतौर से फोटोग्राफी के क्षेत्र में उनकी विशिष्टता के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन ललित गोयल ने किया और आभार मनीष चौबीसा ने जताया।

# डीजे बजाने को लेकर हुई झड़प में 9 गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** शहर में पतंगबाजी के दौरान दो समुदाय के युवकों के बीच झडप की घटना में पुलिस ने 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, रातभर पुलिस घाटीए फौज का बडला मोहल्ले में तैनात रही। पुराने शहर में तनावपूर्ण हालात सामान्य हो गए है। आज सुबह बाजार भी खुल गए।

■ **मकर संक्रांति पर डूंगरपुर में दो समुदायों के बीच तनाव, स्थिति नियंत्रण में**

मकर संक्रांति पर मंगलवार को शहर के फौज का बडला और घाटी मोहल्ले में पतंगबाजी के दौरान डीजे बजाने की बात को लेकर दो समुदाय के युवकों के बीच विवाद हो गया। दोनों समुदाय के युवक आमने सामने हो गए। इससे पुराने शहर ने तनाव की स्थिति बन गई। कोतवाली थानाधिकारी भगवानलाल ने बताया कि घटना के बाद तुरंत एक्शन लेते हुए दोनों पक्षों के 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, कोतवाली-सदर के अलावा पुलिस लाइन से अतिरिक्त पुलिस की टीमों को शहर के माणक चौक, फौज का बडला, घाटी मोहल्ले में तैनात कर दिया गया। रातभर पुलिस पुत्र क्षेत्र में गश्त करती रही। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार शहर में कानून व्यस्था को लेकर मॉनिटरिंग करते रहे। वहीं,बुधवार को माहौल सामान्य हो गया। सुबह के समय पुराने शहर में दुकानें खुल गई। लोग घरों से बाहर निकले और भीड भाड नजर आई, लेकिन सावधानी के तौर पर कॉलोनी में पुलिस जाब्ता तैनात है। जो हर जगह निगरानी कर रही है।थानाधिकारी भगवानलाल ने बताया कि हुडदंग मचाने वाले इमरान निवासी चमनपुरा, शाहब कुरैशी, खुर्शीद, मोहम्मद अयान और वजीम हुसैन कुरैशी निवासी हाजीपुरा घाटी को गिरफ्तार किया है। जबकि दूसरे पक्ष से कृष्ण निवासी मालीवाडा, अमन पुत्र चंद्रेश राठौड निवासी बांसडवाडा, अभी निवासी मोहला घाटी और मनीष पुत्र विजयपाल खाट निवासी मालीवाडा को गिरफ्तार कर लिया है।


**Public Notice**

The general public is hereby informed that the Ministry of Ayush, Government of India neither endorse any specializations as cannabis experts/hempvaidyas/cannabis doctors nor support any activities related to cannabis that are not compliant with legal regulations. The Ministry of Ayush would like to issue a clarification to dispel any misunderstandings and provide accurate information to the public.

2. The Ministry of Ayush hereby reminds the public that-

1. **No Cannabis Experts in Ayush system**: There is no cannabis specializations like cannabis experts/hempvaidyas/cannabis doctors in Ayush systems of health care.
2. **Public Caution**: The public should refrain themselves from seeking guidance or treatment from individuals claiming to be cannabis experts within the Ayush systems of health care.
3. **Legal Considerations**: It is important to note that the cultivation, possession, sale, or use of cannabis and its derivatives are regulated by law in India.
4. **Seek Authentic Information**: For authentic information on Ayush practices, treatments, and therapies, the public is encouraged to consult registered Ayush practitioners and accredited healthcare providers.
5. **Report Misinformation**: If any citizen encounter any misleading claims or practices related to cannabis within the Ayush system, they can report to concerned State Licensing Authorities and/or Ministry of Ayush at ayush-medicine@gov.in for further investigation and action.

This notice is issued to clarify the stance of the Ministry of Ayush and to ensure that the public is well-informed about the recognized practices and professionals within the Ayush system.

CBC-17201/11/0019/2425 Ministry of Ayush


# गोबर-गैस संयंत्र की प्रगति की जानकारी ली

**बांसवाड़ा, (निसं)।** गोबर-धन योजना अन्तर्गत वागड गौ-ग्राम सेवा संस्था द्वारिकाधीष गौशाला तलवाडा में पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. विजय सिंह भाटी एवं गोपालन नोडल अधिकारी डॉ. शेखर बुट्टे ने गोबर-गैस संयंत्र का अवलोकन किया। द्वय अधिकारियों ने स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत 15 लाख की लागत से निर्माणाधीन गोबर-गैस संयंत्र की प्रगति की जानकारी ली।

गौशाला संचालन समिति के अध्यक्ष जयंत त्रिवेदी एवं सचिव

■ **तलवाड़ा में गोबर गैस संयंत्र का किया अवलोकन**

कान्तिलाल व्यास ने संयंत्र निर्माणमें जल स्त्राव को रोककर निर्माण करने पर बल दिया जिससे प्लांट में गैस का निर्माण तकनीकि रूप से हो सके। साथ ही समयावधि में निर्माण पर जोर दिया। डॉ. शेखर बुट्टे ने इस संबंध में संबंधित एजेन्सी को सुचित कर गोबर गैस संयंत्र के निर्माण में आवश्यक सावधानियों को ध्यान में रखकर निर्माण कराने के निर्देश दिये। विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. विजय सिंह भाटी ने गौशाला संचालक मानशंकर कटारा से गौशाला में पशुधन, रोगी पशुधन, पोषण-भण्डारण सुविधा की जानकारी ली। डॉ. भाटी ने गौशाला भूमि की सीमांकन कर तारबंधी करने तथा समय-समय पर संचालन समिति की बैठक करने के लिए ग्राम पंचायत चिरावाला गढा सरपंच हकरू भाई आहारी, देवीलाल तैली से सम्पर्क कर आगामी माह में बैठक कर स्थानीय समस्या का समाधान कर पशुधन की रक्षा में संयोग पर बल दिया।

### युवक कुएं में कूदा, मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** चौरासी थाना क्षेत्र के नेगाला गांव में एक युवक भाई के घर जाते समय कुएं में कूद गया। डूबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चौरासी थाने के एएसआई ने बताया कि नेगाला गांव निवासी सतीश रोत गुजरात में मजदूरी का काम करता था। मंगलवार को वह गुजरात से अपने घर आया था। रात को खाना खाने के बाद घर से अपने बडे भाई के घर जाने के लिए निकला था। इस दौरान रास्ते में एक कुएं में उसने छलांग लगा दी। जिससे उसकी डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर लोगों की भीड लग गई।


**SBI** भारतीय स्टेट बैंक STATE BANK OF INDIA

रासमेक, प्लॉट नं. 1, ब्लॉक-सी, प्रथम तल, सेन्ट्रल कॉमर्शियल एरिया, परशुराम चौराहा के पास, उदयपुर, राजस्थान 313001, ई-मेल: sbi.31871@sbi.co.in

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**
**''परिशिष्ट-IV-क'' [नियम 8( 6 ) का परन्तुक देखें]**

प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002 के नियम 8( 6 ) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी है, का कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **''जैसी है जहां है'', ''जो है जैसी है'' और ''जितनी भी उपलब्ध है''** के आधार पर **भारतीय स्टेट बैंक**, प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि नीचे उल्लेखित खातें की वसूली हेतु बेचा जाएगा। ऋणियों/बंधककर्ताओं/जमानतदारों/प्रतिभूत आस्तियों/बकायों/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की दिनांक व समय, धरोहर राशि एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे वर्णित है-

| क्रं./लोट सं. | ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं के नाम एवं पते | ज्ञात संपत्ति के साथ अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण, यदि कोई हो | कुल बकाया | ई-नीलामी की दिनांक / ई-नीलामी का समय प्रारम्भ समय से समाप्ति समय | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि ( ईएमडी ) / बोली वृद्धि राशि | कब्जे की स्थिति ( प्रलक्षित/वास्तविक ) | संपत्ति निरीक्षण की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **श्री अंकित जैन पुत्र श्री उत्तम चन्द जैन एवं सह-ऋणी- श्रीमती नवरतन रूनवाल पत्नी श्री उत्तम चन्द जैन** मकान नं. 82, माधव विहार, शोभागपुरा, उदयपुर, राजस्थान 313011 एवं फ्लैट नं. डी-206, द्वितीय तल, ब्लॉक-डी, शालीभद्र नगर, बेदला, उदयपुर, राजस्थान 313011 | श्री अंकित जैन पुत्र श्री उत्तम चन्द के नाम साम्यिक बंधक सम्पत्ति जो फ्लैट नं. डी-206, द्वितीय तल, ब्लॉक-डी, शालीभद्र नगर बिल्डिंग जो प्लॉट नं. 1 से 4, राजस्व गाँव बेदला, खसरा नं. 2145 से 2158, जिला उदयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल लगभग 950.00 वर्ग फीट है। **सीमाएं-** पूर्व: फ्लैट नं. डी-207, पश्चिम: रोड 40 फीट चौड़ी, उत्तर: फ्लैट नं. डी-205, दक्षिण: खुला मार्ग **अन्य ऋण भार:** ज्ञात नहीं | रूपये 20,24,880/- दिनांक 28.04.2024 को बकाया ( दिनांक 28.04.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए ) एवं इसके आगे का ब्याज व अन्य वसूली खर्चे इत्यादि। | 31.01.2025 दोपहर 02:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक | आरक्षित मूल्य- रूपये 14,58,000/- धरोहर राशि- रूपये 1,45,800/- बोली वृद्धि राशि- रूपये 20,000/- | प्रलक्षित | 27.01.2025 सुबह 11:00 बजे से सांय 04:00 बजे तक |

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए वेबसाइट अर्थात https://bank.sbi / www.sbi.co.in एवं ऑनलाईन नीलामी पोर्टल https://baanknet.com देखें ।इसके अलावा संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से मोबाईल नं. 9413397930 पर संपर्क कर सकते है ।

दिनांक: 15.01.2025 हस्ता.
स्थान: उदयपुर ( निहाल सिंह )
प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक